# कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

(जलेबी चौंक, बडी चौपड़ जयपुर)

| E-File:– | ADD. COMM. 01404/23 |
|---|---|

## कार्यालय आदेश

**Event –** विश्व पर्यावरण दिवस विशेष अभियान।

नाहरगढ़ किले से कनक घाटी तक वृहद् सफाई अभियान।

**नोडल ऑफिसर –** श्री करतार सिंह, उपायुक्त हवामहल–आमेर जोन।

**चेक पोस्ट (जलमहल पार्किंग व्यवस्था) :–**

- प्रभारी – श्रीमती सरोज ढाका ,उपायुक्त उद्यान।
- सह प्रभारी – श्री गौरव शर्मा ARI मुख्यालय।

(इनके सहयोग हेतु – 2–3 अन्य अधिकारी कार्मिक की नियुक्ति **DC(K)** स्तर से की जावेगी)

**शीशमहल स्थित हेल्पडेस्क :–**

- प्रभारी – श्री के.के. गुप्ता, उपायुक्त विद्युत।
- सहायक प्रभारी – श्री प्रशांत लखन, ARI किशनपोल जोन।

(इनके साथ भी 2–3 कार्मिक **DC(K)** नियोजित करेंगे)

**कार्यक्रम दिनांक–** 05, जून, 2024 (समय प्रातः 6:00 से 9:00 बजे)

**आगंतुक –** नगर निगम जयपुर, हैरिटैज के कार्मिकगण, स्वयंसेवक, सहभागी संस्था, इच्छूक विद्यालय एवं महाविद्यालय, स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यापार मंडल/ट्रेड यूनियन सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य, स्पैरो, ओसवाल डाटा, सुलभ एवं सीवर के संवेदक, फायर, सतर्कता के सदस्य (अनुमानित संख्या 1000 स्वयंसेवक) ।

**गतिविधि स्थल रवानगी हेतु पिकअप पॉइंट –** जलमहल पार्किंग।

**गतिविधि हेतु ड्रॉप पॉइंट –** प्रत्येक 500 मीटर पर 100 सदस्यों हेतु निर्धारित जोन 1–10.

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Raufaque Bairagi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.05.28 19:50:10 IST
Reason: Approved

| क्र. सं. | नाम अधिकारी | उत्तरदायित्व |
| --- | --- | --- |
| 1. | राकेश कुमार शर्मा, राजस्व अधिकारी (मु.) एवं उपायुक्त स्टोर | • इवेंट हेतु 1 से 10 जोन विभाजन तथा प्रत्येक जोन के डिमार्केशन हेतु फ्लेग/क्षेत्र निर्धारण का कार्य।<br>• प्रत्येक जोन हेतु एक वरिष्ठ अधिकारी को जोन लीडर नियुक्त किये जाने का आदेश जारी करना।<br>• इवेंट की ब्रांडिंग हेतु PIU Team से समन्वय तथा बैनर, पोस्टर, IEC की व्यवस्था।<br>• पार्किंग स्थल पर एक चेक–पोस्ट आगंतुकों को प्रेषित किये जाने हेतु लगाना। इसी प्रकार एक चेक–पोस्ट नाहरगढ़ स्थित पार्किंग में लगाया जाना है।<br>• दोनो चेक–पोस्ट पर ब्रांडिंग, टैंट, माइक की व्यवस्था करना।<br>• इवेंट की कवरेज हेतु ड्रोन फोटोग्राफी की व्यवस्था करना। |
| 2. | श्री श्रवण कुमार विश्नोई, उपायुक्त कार्मिक | • पार्किंग स्थल पर बस व्यवस्था हेतु चेक–पोस्ट स्थापित करना तथा चेक–पोस्ट इंचार्ज की नियुक्ति तथा 2 से 3 कार्मिक सहयोग हेतु नियोजित करना।<br>• निगम मुख्यालय तथा समस्त जोन कार्मिको को कार्यक्रम में सहभागिता एवं अन्य आवश्यकता अनुरूप ड्यूटी आदेश जारी किये जाना।<br>• दोनों चेक–पोस्ट पर हेल्पडेस्क इंचार्ज ऑफिसर के सहयोग हेतु स्टाफ की नियुक्ति करना।<br>• नाहरगढ़ महल पार्किंग में एक चेक–पोस्ट/हेल्पडेस्क की स्थापना जिससे पिकअप –ड्रॉप पॉइंट समन्वय तथा संवाद का दो तरफा नेटवर्क स्थापित किया जा सके। |

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Raufaque Bairagi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.05.28 19:50:10 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 3. | श्री बलराम मीणा, उपायुक्त गैराज<br><br>एवं<br><br>श्री मुकेश कुमार, अधिशाषी अभियंता गैराज | • प्रत्येक जोन हेतु 1 हूपर तथा 1 ट्रेक्टर कचरा संग्रहण हेतु नियोजित करना तथा पार्किंग स्थित चेक–पोस्ट पर ट्रेक्टर, हूपर ड्राईवर की जोनवार सूची एक दिवस पूर्व उपलब्ध कराया जाना।<br>• जोनवार वाहनों को कार्यक्रम प्रांरभ के समय निर्धारित स्थल पर उपस्थिति (फ्लेग पॉइंट) हेतु पाबंद करना।<br>• पार्किंग स्थल से जोनवार फ्लेग पॉइंट पर ड्रॉप की व्यवस्था करना, इस हेतु 5 बस नियोजित कि जाते हुये ड्रॉप शटल की व्यवस्था करना। प्रत्येक बस के एक कार्मिक नियोजित कर उसके फोन नंबर की सूची पार्किंग स्थित चेक–पोस्ट पर उपलब्ध कराया जाना।<br>• सहभागियों को आमंत्रित करने एवम् समन्वय करने वाले अधिकारी गण द्वारा अन्य संसाधन की मांग किये जाने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करना।<br>• नाहरगढ किले के रूट पर वन विभाग से समन्वय कर अभियान से पूर्व शीशमहल के निकट पार्किंग क्षेत्र में मशीन सफाई लगातार जारी रखना। |
| 4. | श्री सोहन नरूका, उपायुक्त स्वास्थ्य | • प्रत्येक जोन फ्लेग पॉइंट पर स्वच्छता संबंधित PPE Kit उपलब्ध कराये जाने हेतु व्यक्ति का नियोजन तथा नियोजित व्यक्ति के नंबर की सूची पार्किंग स्थित हेल्पडेस्क पर उपलब्ध कराना।<br>• प्रत्येक जोन में एक कार्मिक का नियोजन जो वायरलैस पर संवाद हेतु उपलब्ध रहे आदेश जारी कर नोडल अधिकारी एवं चेक–पोस्ट को उपलब्ध कराना।<br>• प्रत्येक जोन में सफाई गियर कचरा संग्रहण हेतु 200 थैली प्रति फ्लेग पॉइंट, 20 झाडू, 20 पंजियां, डस्टपेन/पत्ती, सफाई टूल कार्यक्रम आंरभ से पूर्व फ्लेग पॉइंट पर होना सुनिश्चित करें।<br>• प्रत्येक जोन में 50 सफाई मित्रों एवं एक सेनेटरी इंस्पेक्टर की ड्यूटी नामवाईज़ लगाया जाना तथा निर्धारित समय पर उनकी उपस्थिति जोन में सुनिश्चित कराना। |

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Rauf aque Bairagi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.05.28 1?:50:10 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| | | • अभियान दिवस तक प्रतिदिन उपायुक्त गैराज को मशीन क्लीनिंग के साथ 5–6 सफाईकर्मी सफाई हेतु नियोजित करना। |
| 5. | श्री सुबोध नादेश्वरी, अधिशाषी अभियंता मुख्यालय | • प्रत्येक जोन में पेयजल उपलब्धता की व्यवस्था करना।<br>• पार्किंग स्थल पर आवश्यकता अनुरूप टीम की व्यवस्था करना।<br>• आवश्यकता अनुरूप ORS / मेडिकल किट की व्यवस्था (शीशमहल स्थित ड्रॉप पॉईन्ट)।<br>• आवश्यकता अनुसार Signage लगाये जाने की कार्यवाही करें। |
| 6. | श्री आशीष गर्ग, अधिशाषी (प्रोजेक्ट) | • संपूर्ण नाहरगढ़ रूट पर आवश्यकता अनुरूप स्थाई Twin Bin लगाया जाना। |
| 7. | श्रीमति सोनिया अग्रवाल, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी | • कार्यक्रम के पूर्व समस्त सफाई संबंधित गियर्स की व्यवस्था करना ( CHO ) एवं निर्धारित फ्लेग पॉइंट पर कार्यक्रम आरंभ से पूर्व पहुचाया जाना।<br>• स्थानीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर कार्यक्रम हेतु एक मेडिकल टीम का नियोजन करवाना।<br>• कार्यक्रम में सहभागिता के इच्छुक NGO, विद्यालय, महाविद्यालय, स्वैच्छिक संगठन, व्यापार मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य, संस्थाओं से संपर्क, समन्वय तथा कार्यक्रम के पिकअप–ड्रॉप पॉइंट की जानकारी समस्त सहभागियों को देना।<br>• ब्रांड एम्बेसेडर से संपर्क एवं समन्वय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रण जारी करना।<br>• प्रत्येक संगठन के संपर्क व्यक्ति के नाम एवं नंबर की सूची पार्किंग स्थित हेल्पडेस्क पर उपलब्ध कराया जाना। |
| 8. | श्री विक्रम सिंह बारहेठ, रजिस्ट्रार | • एक दिवस पूर्व सहभागियों की संख्या एक संगठन के नाम सहित 150–200 सहभागियों के दल की सूची जोन लीडर को उपलब्ध कराना। |
| 9. | श्रीमति सरोज ढाका, उपायुक्त उद्यान<br><br>एवं | • वन विभाग की टीम तथा उपवन संरक्षक जू से संपर्क कर कार्यक्रम से पूर्व सफाई हेतु कंटीली झाड़ियों को हटाये जाने की व्यवस्था करना। |

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Rauf aque Bairagi
Designation : Additional
Commissioner
Date: 2024.05.28 19:50:10 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| | उपायुक्त NULM | • कार्यक्रम दिवस पर प्रत्येक जोन में आवश्यकता अनुरूप गार्डन टीम का नियोजन तथा जोनवार नियोजित टीम की सूची पार्किंग स्थित हेल्पडेस्क पर उपलब्ध कराना।<br>• उपवन संरक्षण जू एवं अधीक्षक नाहरगढ़ महल से संपर्क कर कार्यक्रम एवं सहभागिता हेतु समन्वय करना। |
| 10. | उपायुक्त NULM<br>एवं Oswal Data,<br>Sparrow प्रतिनिधि | • Oswal Data, Sparrow एवं NULM की स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की सहभागिता हेतू आवश्यक बैठक कर सहभागियों की संभावित संख्या तथा संसाधन आवश्यकता का आकलन एवम् उपायुक्त गैराज से समन्वय करना। |
| 11. | श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड, उपायुक्त सतर्कता | • कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक समन्वय तथा जाब्ते का नियोजन। |
| 12. | श्री देवेन्द्र मीणा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी | • कार्यक्रम से 1 दिवस पूर्व नोडल अधिकारी और PIU Team के साथ Route का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना।<br>• कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य स्टाफ के अतिरिक्त सहभागी दल का चयन तथा सूची नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना। |
| 13. | श्री करतार सिंह, उपायुक्त हवामहल–आमेर जोन (नोडल अधिकारी) | • समग्र समन्वय एवम् कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये आवश्यक कार्यवाही।<br>• कार्यक्रम समापन हेतु लघु स्टेज की व्यवस्था (जल महल स्थित Departure / Pick Up ).<br>• सहभागी संस्थाओं को सर्टिफिकेट दिया जाना। शपथ ग्रहण हेतु आवश्यक संचालन। |
| 14. | PIU Team | • गतिविधि क्षेत्र की Pre –Post Event कवरेज, सोशल मीडिया मैनेमेंन्ट तथा गतिविधि संचालन।<br>• आवश्यक ब्रांडिंग, आयोजन हेतु जोन, पिकअप–ड्रॉप पॉइंट व्यवस्था में राजस्व अधिकारी के साथ समन्वय करना।<br>• कार्यक्रम से 1 दिवस पूर्व पॉईन्ट/जोन निर्धारण की मार्किंग।<br>• सफाई गियर वितरण स्थल का चयन। |

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Raufaque Bairagi
Designation : Additional
Commissioner
Date: 2024.05.28 19:50:10 IST
Reason: Approved

सामान्य निर्देशः—

1. समस्त सहभागी प्रातः 5:00 बजे जलमहल स्थित पिकअप पॉईन्ट पर उपस्थिति देगें।
2. प्रत्येक दल का प्रभारी अपने दल के साथ निर्धारित क्षेत्र में प्रस्थान करेगा। समस्त दल 6:00 बजे तक अपने जोन में पहुँच जाये, इसकी सुनिश्चितता नोडल अधिकारी द्वारा फॉलोअप कर की जावेगी।
3. सभी अधिकारी अपना वायरलैस अपने साथ रखेगें।
4. कार्यक्रम समाप्ति उपरांत सभी जलमहल—पाल पर एकत्रित होगें, जहां स्वच्छता की शपथ व समापन किया जावेगा।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(डॉ0 रौनक बैरागी)
RAS
अतिरिक्त आयुक्त
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

---

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. श्रीमान् आयुक्त महोदय, नगर निगम जयपुर हैरिटैज।
2. समस्त उपायुक्त जोन/संबंधित शाखा प्रभारी/समस्त अभियंतागण, Oswal Data, Fire, Sparrow प्रतिनिधि नगर निगम जयपुर हैरिटैज।
3. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
7574369

Signature valid

Digitally signed by Raunaque Bairagi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.05.28 19:50:10 IST
Reason: Approved